तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 14 अगस्त 2025

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



12 नगर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत





12 18 शहीदों की प्रतिमा अनावरण की मांग






श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


## स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ अंतिम अभ्यास







**बालोद।** जिला मुख्यालय स्थित स्व. सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व स्वंतत्रता दिवस समारोह का आयोजन सुनिश्चित करने बुधवार को अंतिम अभ्यास किया गया। कलेक्टर दिव्या मिश्रा और पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में समारोह का अंतिम अभ्यास हुआ। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में अराजकता व अपराध पर विधायक सिन्हा का तीखा हमला



**गुरूर।** संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर कानून-व्यवस्था बिगाड़ने, ढाबों में अवैध शराब बिक्री और अपराध पर रोक न लगाने का आरोप लगाया। धमतरी के ढाबे में तीन लोगों की हत्या को उन्होंने सरकार की विफलता बताया। उन्होंने कहा कि किसान खाद के लिए भटक रहे हैं और संघर्ष करने पर सरकार दमनकारी नीति अपनाती है। विधायक ने चेतावनी दी कि कांग्रेस जनता के हित में न्याय दिलाने सड़कों पर उतरने से नहीं हिचकेगी।

### दो वाहन चालकों का पुलिस ने काटा चालाना

**दल्लीराजहरा।** तेज आवाज और मॉडिफाइड साइलेंसर से सड़कों पर रफ्तार के खेल में लगे युवाओं पर दल्लीराजहरा पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। सड़क सुरक्षा और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत, बीते 2 दिनों में दल्लीराजहरा पुलिस ने 2 बड़ी कार्रवाई की। थाना राजहरा के प्रभारी निरीक्षक रविशंकर पांडे के नेतृत्व में श्रमवीर चौक के पास वार्ड 22 निवासी अमित जैन के विरुद्ध धारा 182(के)4 के तहत 5000 रुपये का चालान काटा गया। यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में की गई। दल्लीराजहरा सीएसपी डॉ. चित्रा वर्मा ने चेतावनी दी है कि आगे भी ऐसे वाहनों और चालकों के खिलाफ इसी तरह ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रहेगी। शहरवासियों ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे सड़क सुरक्षा और जनहित के लिए जरूरी बताया है।

### कमरछठ आज

**डौंडीलोहारा।** कमर छठ पर्व आज मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी महिलाओं द्वारा जोर शोर से की जा रही है नगर के राजापारा निवासी लताबाई सेन ने कमरछठ की तैयारी हेतु एक सप्ताह पहले से दोना पत्तल बनाना शुरू कर दिया है। लताबाई से ने बताया कि भादो के कृष्ण पक्ष की छठी तिथि को हलछटी पर्व मनाया जाता है इसे कमरछठ के नाम से भी जाना जाता है। इसे हलषष्ठी भी कहा जाता है। इस दिन संतान की प्राप्ति और सुख समृद्धि के लिए महिलाएं व्रत रखकर सारी बनाकर पूजा करती हैं नव विवाहित स्त्रियां भी संतान प्राप्ति के लिए यह व्रत रखती है।

### केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी, राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# खाद की किल्लत पर छमुमो व किसान ने रैली निकाली और किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



प्रदेश में खाद की कमी व विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में छमुमो व किसान संघ के द्वारा नगर में बुधवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया व रैली निकाली गई। बाजार चौक से शुरू हुई। रैली नगर के नए बस स्टैंड पुराने नप चौक विवेकानंद चौक पुराने बस स्टैंड रामनगर चौक मुख्य मार्ग बाजार चौक होते हुए तहसील कार्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुई जहाँ पर देश व प्रदेश भर के किसानों पर थोपे गए जन विरोधी नीति व विभिन्न विषयों को रेखांकित करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

साथ ही क्षेत्र में खाद की कमी व किसानों की परेशानियों के संबंध में अवगत कराया गया।इस दौरान रैली में शामिल लोगों केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बाजार चौक में आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर ने कहा कि खेती किसानी का समय निरन्तर निकला जा रहा है व राज्य सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नही करा पा रही इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है। राज्य सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है चाहे वह कृषि हो चाहे वह शिक्षा हो या बिजली से संबंधित हो।सभी क्षेत्र में प्रदेश की जनता परेशान है। जिला किसान संघ अध्यक्ष गेंदसिंह ठाकुर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण के आड़ में शिक्षण संस्थानों को बंद किया जा रहा है वही गांव गांव में शराब दुकानों को खोला जा रहा है।खाद की कमी के चलते किसान हलाकान हो रहे हैं। वही दुकानों में खाद का स्टॉक भरपूर है। नवाब जिलानी ने कहा कि सात जुलाई को खाद की कमी के संबंध में शासन प्रशासन को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया था परन्तु आज पर्यंत खाद की कमी बनी हुई है वही अधिकारी के पास कोई जवाब नही है।

छन्नू साहू ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा थोपी जाने वाली स्मार्ट बिजली मीटर के बिल प्रक्रिया को निरस्त किया जाना चाहिए। यह लोगो के हित में नही है। दीनदयाल रंगारी ने कहा कि किसानों को उनका हक अवश्य ही मिलना चाहिए। मुरारी प्रजापति ने कहा कि केंद्र सरकार अपनेचुनावी घोषणा को अमल करें। इस अवसर पर भूषण चुनाकर पुसऊ राम पुहुप साहू समारू राम संतोष एन के ढाले कुशल ठाकुर बीरसिंह ठाकुर किसुन राम धनसाय सहित काफी संख्या में किसान साथी उपस्थित थे।

## सट्टा, सार्वजनिक शराबखोरी व बिक्री मामले में 7 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

स्थानीय पुलिस ने महज़ दो दिनों में अवैध शराब बिक्री, शराब सेवन और सट्टा पट्टी लिखने के मामलों में 7 आरोपियों को दबोचा है। इसमें एक पूर्व पार्षद भी शामिल है। आरोपियों के कब्ज से 40 पौवा देशी प्लेन शराब और एक स्कूटी जब्त की गई। इसी तरह लाखों की सट्टा पट्टी और 8100 नगद बरामद किया गया।

चार लोगों पर आम जगह पर शराब पीने की कार्रवाई की गई।

12 अगस्त को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सब्जी मंडी चिखलाकसा के चबूतरे पर छापा मारा। जहां बबला खापर्डे वार्ड 24 राजहरा निवासी सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके कब्जे से 8100 नकद रुपए जब्त किया गया। इसी तरह शराब मामले में विजय बख्शी 39 वर्ष और चुम्मन लाल कोसरे 33 वर्ष, दोनों निवासी वार्ड 27 इंदिरा नगर राजहरा को पकड़ा। उनके कब्जे से 40 पौवा शराब जब्त की गई।

चार व्यक्ति आम जगह पर शराब पीते गिरफ्तार किए गए, जिसमें कृष्णा साहू 47 वर्ष वार्ड 1, बाबा वार्ड राजहरा, कुशलदास 30 वर्ष, वार्ड 7 राजहरा, विश्वजीत जायसवाल उर्फ मोंटी 32 वर्ष वार्ड 21 शास्त्री नगर राजहरा और चंद्रशेखर माथनकर 41 वर्ष वार्ड 4 टेबलर सेट राजहरा शामिल हैं।

## पेट्रोल के बाद अब बिना हेलमेट शराब बिक्री पर लगाई पाबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के परिपेक्ष्य में शराब दुकान संचालक को बाइक से आए हुए व्यक्ति जो हेलमेट लगाकर आए हो उन्हें ही शराब देने के संबंध में दिशा निर्देश तहसीलदार एवं थाना प्रभारी द्वारा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आए दिन शराब के नशे में दुर्घटना होने की घटना आम हो गई है।

इसी परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप व शराब दुकानों में हेलमेट पहने हुए लोगों को हो पेट्रोल व शराब देने संबंधी दिशा निर्देश जारी किया गया था। टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश के अनुसार निरन्तर इस संबंध में मॉनिटरिंग की जा रही है व दोनों ही स्थानों पर बिना हेलमेट वालों पर कार्रवाई की जा रही है। हेलमेट पहनने सख्त समझाइश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नगर सहित गांवों में कोटवार के माध्यम से जन जागरूकता के लिए हेलमेट पहनने नियमित मुनादी भी करवाई जा रही है कि बिना हेलमेट के बाइक न चलाए। बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल पंप में पेट्रोल नहीं मिल रहा है। वहीं शराब दुकानों में भी इसी नियम को फ़ॉलो किया जा रहा है।

### सभी मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगायी जाएगी

# मवेशियों को लावारिस छोड़ने पर मालिकों पर होगी कार्रवाई

### बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने जिला प्रशासन सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा, आवागमन के लिए निर्धारित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्यीय राजमार्ग एवं स्थानीय मार्गों में लगातार सड़क दुर्घटना घटित हो रही है, जिसका एक प्रमुख कारण स्थानीय पशु मालिकों द्वारा लापरवाही व गैर जिम्मेदारीपूर्वक पशुओं को सड़क एवं सार्वजनिक स्थल पर स्वतंत्र रूप से छोड़ देना है। इन आवारा पशुओं के कारण न केवल आवागमन बाधित होता है, अपितु जनहानि, पशुहानि एवं मालहानि जैसी गंभीर घटना घटित होती है। इससे कानून एवं लोक शांति व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। इन आवारा पशुओं के मार्गों में एकत्रित होने से अत्यावश्यक सेवा एवं आपातकालीन सेवा देने वाले वाहनों का आवागमन भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। पशु मालिकों का इस प्रकार गैर जिम्मेदाराना एवं लापरवाहीपूर्वक आचरण भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 281 के अंतर्गत तथा पशु क्रूरता अधिनियम 1960 के अध्याय 3 धारा 11 (1) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में भी आता है।



उपरोक्त वर्णित तथ्यों के प्रकाश में सभी तथ्यों पर विचार करने के उपरांत इस क्षेत्र में मानव, पशु जीवन, लोकहित, लोक सुरक्षा, कानून एवं लोक शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अनुविभाग डौण्डी के विभिन्न मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों में विभिन्न पशु मालिकों द्वारा अपने पालतू पशुओं को स्वतंत्र रूप से छोड़े जाने से रोका जाना आवश्यक हो गया है। इनके द्वारा छोड़े गये पशुओं से मार्ग अवरूद्ध न हो एवं जन सामान्य, पशुओं की सुरक्षा तथा सुविधा के साथ-साथ आपातकालीन एवं अत्यावश्यक सेवा के निर्बाध व शांतिपूर्ण ढंग से संचालन तथा कानून व्यवस्था की दृष्टि से इस क्षेत्र को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 183 के अंतर्गत प्रतिबंधित किया जाना है। राज्य शासन द्वारा गौवंशों के संरक्षण, सुरक्षा हेतु गौधाम योजना शुरू किया जा रहा है। उक्त योजना के तारतम्य में दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु सड़कों पर ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन किया जाना है। जिले के सड़कों, राजमार्गों पर मवेशियों के विचरण को रोकने हेतु जन-जागरूकता अभियान एवं अन्य निवारक उपाय अपनाए जाएंगे। सभी मवेशियों के गले में रेडियम पट्टी लगाया जाएगा। पशु पालकों द्वारा पशुओं को आवारा छोड़ दिये जाने की स्थिति में उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामों में कोटवार के माध्यम से मुनादी कर ऐसे पशु पालकों के विरूद्ध जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा।

## पांच बच्चे राज्य स्तरीय कला उत्सव का प्रतिनिधित्व करेंगे



**डौंडीलोहारा।** राज्य स्तरीय कला उत्सव में सुश्री शार्वा के मार्गदर्शन में पांच बच्चे राज्य स्तरीय कला उत्सव 2025 में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन कला केंद्र बालोद में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू और सदस्यगण और जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू उपस्थित थे।

तोमन साहू द्वारा कला उत्सव में जिले से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित विद्यार्थियों का सम्मान करने की घोषणा की गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में नृत्य में अरुण साहू, अजय वर्मा, एनुका शार्वा और विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विजय पटेल, मुनमुन सिन्हा, पुष्पा चौधरी, मनोज दास, पुसन साहू आदि शिक्षक थे। सामूहिक वादन में छात्रेश, कुणाल, पंकज,ओमन और चित्रकला में हेमा रावते ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रभारी शिक्षक के रूप में कपिल पटेल ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

### महामंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

# भाजपा ने यशवंत पर फिर जताया भरोसा, प्रदेश महामंत्री बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



बीते पैतीस सालो से क्षेत्र मे सक्रिय रहे बालोद जिला के गद्दावर नेता यशवंत जैन को भाजपा ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश महामंत्री बनाया है। यशवंत जैन छात्र जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके अनुसांगिक संगठनो मे वर्षों विभिन्न दायित्वो का निर्वहन करने के बाद बीते बीस सालो से भाजपा मे सक्रिय है।

बाल्यकाल से बाल स्वयं सेवक के रूप मे सार्वजनिक जीवन प्रारंभ करने वाले यशवंत जैन ने छात्र जीवन मे विद्यालय एवं महाविद्यालय मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद् के बैनर तले कई निर्णायक आंदोलन किए। उनके छात्र संघ अध्यक्ष कार्यकाल मे बालोद मे शिक्षा के क्षेत्र मे कई सुविधाओ का विस्तार हुआ। यशंवत जैन ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिशद् के छ.ग. विभाग संगठन मंत्री के दायित्व निभाया। यशवंत जैन के विभाग संगठन मंत्री कार्यकाल को परिशद् के स्वर्णिम कार्यकाल के रूप मे जाना जाता है, उनके कार्यकाल मे पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत मे विद्यार्थी परिशद् का व्यापक कार्य हुआ था। यशवंत जैन की नेतृत्व क्षमता व संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय निर्देश पर उन्हे विभिन्न राज्यो के चुनावो, उपचुनावो मे प्रभारी व सहप्रभारी के रूप मे दायित्वो का दिया गया। यशवंत जैन ने कई राज्यो व प्रदेश के विभिन्न जिलो मे संगठनात्मक चुनावो व अन्य चुनावो मे प्रभारी के रूप मे दायित्वो का निर्वहन किया। हाल ही मे उनके नेतृत्व मे इतिहास मे पहली बार कांकेर के चुनावो मे पहली बार भाजपा को विजश्री दिलाने मे उनकी महती भूमिका थी। यशवंत जैन ने बीते 35 वर्शो से अभाविप, भाजपा व अन्य संगठनो मे कई दायित्वो का निर्वहन किया। यशवंत जैन ने संगठनात्मक क्षमता के साथ अपनी प्रशासनीक क्षमता का भी लोहा मनवाया। उन्हे छ.ग. बाल संरक्षण आयोग के प्रथम अध्यक्ष होने का गौरव भी प्राप्त है। आयोग के अध्यक्ष रहते उन्होने बाल संरक्षण के क्षेत्र मे प्रदेश मे कई क्ा्रंतिकारी व निर्णायक कार्य किए। जिसके परिणाम स्वरूप उन्हे राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के सदस्य के रूप मे राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी दी गई। यशवंत जैन की कार्य क्षमता एवं कार्य के प्रति समर्पण एवं निर्णायक कार्यो के कारण उन्हे लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के सदस्य के रूप मे राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी दी गई। यशवंत जैन को महामंत्री बनाए जाने से बालोद नगर सहित गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, दल्लीराजहरा से कार्यकर्ता उनके निवास पहुंच रहे है। वही इस नियुक्ति के बाद प्रदेश कार्यालय से बुलावे के बाद यशवंत जैन क्षेत्र के कार्यक्रमो को छोड़ दोपहर बाद रायपुर चले गए।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444










संकलनकर्ता- ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद मो. 8085026287, 9425559113
















संकलनकर्ता : ओम प्रकाश टुवानी, हरिभूमि ब्यूरोचिफ, बालोद, मो. 8085026287, 9425559113

**खबर संक्षेप**



## 18 शहीदों की प्रतिमा अनावरण की मांग

**अंडा।** अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम देवगहन में किसान लोकेंद्र साहू द्वारा सड़क किनारे खेत में लगवाए गए 18 शहीदों की प्रतिमा अनावरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के हाथों कराने की मांग लेकर शहीद परिवार के सदस्यों ने जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा पहुंचकर भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश यादव से मुलाकात कर निवेदन किये। विदित हो कि कारगिल शहीद दुर्वासा निषाद (देवरी-ख) के पिता मुंशीलाल निषाद, मां बोधनी बाई एवं शहीद गजरूराम मंडावी (खैरबना )की धर्मपत्नी रामप्यारी मंडावी सभी गुरूवार को जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष से मिलने बालोद पहुंचे थे।

# नगर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। 2 किलोमीटर से अधिक लंबी तिरंगा यात्रा में दो दर्जन से अधिक स्कूल, सेवा सहकारी समितियां, भाजपा मण्डल व नगरवासी सम्मिलित हुए। यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। यात्रा में सम्मिलित लोगों के लिए व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, भाजपा मण्डल व हिन्दू संगठनों ने पेयजल एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था की थी। तिरंगा यात्रा गुरूर नगर सहित ग्राम कोलिहामार व ग्राम बोरतरा व ग्राम कन्हारपुरी तक पहुंची। तिरंगा यात्रा में भाजपा मण्डल गुरूर के साथ नगर पंचायत गुरूर जनपद पंचायत गुरूर सेवा सहकारी समिति गुरूर व दर्रा, मोखा, सोरर, ग्राम पंचायत कोलिहामार, स्व. डारन बाई शासकीय महाविद्यालय गुरूर, शासकीय बालक हायर सेकण्डरी स्कूल गुरूर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर गुरूर, केन एकेडमी विद्यालय, ज्ञान ज्योति विद्यालय, कल्पना स्कूल गुरूर, जिनियस विद्यालय गुरूर, सर्वोदय विद्यालय गुरूर सहित अन्य विद्यालयों से बच्चे सम्मिलित हुए।





## अछोली में मनाया हर घर  तिरंगा हर घर स्वच्छता तिहार



**डौंडीलोहारा।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत डौंडीलोहारा विकासखंड में देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जन चेतना को सशक्त बनाने के लिए सीईओ पंकज देव ने विकास खंड के हर गांव में तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली का आयोजन कर लोगों में देश भक्ति की भावना को प्रबल करने ग्रामीणों का आह्वान करते  हुए कहा कि हर घर तिरंगा लहराएगा तो देशभक्ति की भावना प्रबल होगी तथा हर घर स्वच्छता रहेगा तो लोग स्वस्थ रहेंगे।  चरणबद्ध तरीके से गांव गांव में आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत अछोली में बुधवार को तिरंगा यात्रा व तिरंगा मेला का आयोजन कर महिला स्व सहायता समूह की 400 महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिया।



**पलारी में निकाली गई तिरंगा यात्रा : गुरूर।** हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत जिला भाजपा निर्देशानुसार भाजपा मंडल सनौद के नेतृत्व में नगर पंचायत पलारी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, महामंत्री ढंगु हिरवानी, जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी अशोक साहू, जिला पंचायत तेजराम साहू, जनपद पंचायक सभापति हरिकृष्ण गंजीर, जपनपद सदस्य गुलाब सिंहा, जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष गंगबेर, मंडल मंत्री मनीष साहू, उपाध्यक्ष नीता साहू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य डॉ देवा,  नेता लखनलाल गुरुपंच, मंडल मंत्री गजेंद्र महमल्ला, शिवनारायण नेले, पूरन साहू, रिकेश साहू, नगर पंचायत प्रशानिक प्रतिनिधि, स्कूल शाला विकास समिति, स्कूल बच्चे व पूरे मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता  अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा रैली



**डौंडीलोहारा।** ग्राम पंचायत कसही(लो) के द्वारा विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया और तिरंगा रैली निकाली गई ग्राम सभा में पंचायत सचिव द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, सरपंच एन कुमारी राण्डे ने कहा कि हर घर वाटर हार्वेस्टिंग और शोक पीट बनाना जरूरी है, उपसरपंच नरेंद्र साहू ने बताया कि सिंगल युज प्लास्टिक बंद करना है, पंच यशवंत साहू ने कहा कि स्वच्छता और सुजलता के इस अभियान को सभी के साथ मिलकर आगे बढ़ाना है।

## तिरंगा यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

**बालोद/गुण्डरदेही।** हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के तहत गुण्डरदेही सब डिविजन में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय सहित जनपद पंचायत गुण्डरदेही, स्व सहायता समूहों, स्वच्छताग्राही दीदीयों के साथ ग्रामीणों व नगरवासियों ने सहभागिता निभाई।  यात्रा के दौरान पुरा गुण्डरदेही नगर तिरंगामय हो गया। जगह-जगह तिरंगा यात्रा का स्वागत किया गया।

## मिर्रोटोला पुरूर में मोर तिरंगा मोर अभियान का आयोजन




**गुरूर।** भाजपा राष्ट्रीय एवं प्रदेश, जिला नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा मंडल मिर्रोटोला पुरूर द्वारा मोर तिरंगा मोर अभिमान अन्तर्गत हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता के तहत रानी दुर्गावती पुरूर चौक पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, जिपं सदस्य तेज राम साहू, पूर्व सभापति जिला पंचायत मीना सत्येन्द्र साहू, जनपद पंचायत सभापति हेमन्त साहू, पूर्व सरपंच भरएँगांव संजय साहू, रेणुका गजेन्द्र, सुरेन्द्र साहू, केजू राम साहू, कमल देव साहू, देवेन्द्र नेताम, बिसम्भर साहू, नरेश साहू, तेज राम साहू, द्वारिका सिन्हा, कामता साहू, टिकेन्द्र कुमार, नरेश कुमार, मनीष साहू, मुलेश साहू, मिथलेश साहू, पुनाराम साहू, इन्द्रसेन गजेन्द्र सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तिरंगा यात्रा निकाली गई



**डौंडीलोहारा।** हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा के तहत सम्बलपुर में जनप्रतिनिधियों के द्वारा बस स्टेंड में तिंरगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जनपद सदस्य टिकेश्वरी साहू, सरपंच रेनू गायकवाड़, डॉ अशोक आकाश साहित्यकार,मंडल महामंत्री दुष्यंत गिरी, पंचायत सभापति वीरेन्द्र अजनबी, तोमन लटिया, तमेश साहू आदि उपस्थित थे।


**तुरंत आराम के लिए**
**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज











संकलनकर्ता : पावन देवांगन, हरिभूमि संवाददाता, डौंडीलोहारा, मो. 9893341097